साढ़े तीन एकड़ में बने पार्क में नए निवेशकों को स्टार्टअप का मिलेगा मौका, अगले महीने हो सकता है लोकार्पण

# गीडा में आईटी पार्क बनकर हुआ तैयार

**अच्छी खबर 1**

- सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया ने विकसित किया पार्क
- आईटी पार्क में 36 सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर यूनिट संचालित होंगी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** नोएडा की तर्ज पर गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में बना आईटी पार्क अब जल्द ही संचालित होने लगेगा। सिविल वर्क के साथ अन्य जरूरी काम पूरे हो गए हैं। भवन में बिजली और पाइप फिटिंग आदि का काम तेजी से चल रहा है। जल्द पार्क में 36 सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर यूनिट्स संचालित होंगी। अगले महीने प्रस्तावित लोकार्पण को लेकर गीडा प्रशासन तैयारियां कर रहा है।

गीडा के प्रशासनिक भवन के बगल में 3.5 एकड़ क्षेत्र में फैले आईटी पार्क में में 36 सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर यूनिट्स संचालित की जाएंगी। इससे न केवल स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

इस आईटी पार्क का निर्माण सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। यहां स्टार्टअप शुरू करने वाले युवा उद्यमी अपने लैपटॉप के साथ आकर काम कर सकते हैं। कंपनियों के लिए यहां सर्विस सेंटर की भी सुविधा होगी। इससे स्थानीय और बाहरी कंपनियों को एक नया प्लेटफार्म मिलेगा। गीडा के जिम्मेदारों का कहना है कि आईटी पार्क में दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। पहली, कोई भी व्यक्ति अपना लैपटॉप लेकर वहां बैठकर काम कर सकेगा

## 2020 में आवंटित हुई थी जमीन

गीडा ने 2020 में ही इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन आवंटित की थी। करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से 2022 तक इसका निर्माण पूरा होना था। गीडा सीईओ अनुज मलिक का कहना है कि आईटी पार्क का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यहां स्टार्टअप के साथ ही युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। मई महीने में इसका लोकार्पण हो सकता है।

# गोरखनाथ में बनेगा कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स

**2**

- आरओबी से उतरते सब्जी मण्डी वाली जमीन पर होगा निर्माण
- दो तल में बनेगी पार्किंग, द्वितीय व तृतीय तल पर कामर्शियल दुकानें

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** नगर निगम गोरखनाथ पुल के पास नगर निगम की जमीन पर कॉम्प्लेक्स एवं पार्किंग का निर्माण करेगा। इसके साथ यहां स्ट्रीट वेंडरों के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण भी किया जाएगा।

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने इसके लिए सीएंडडीएस की यूनिट 42 को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। गोरखनाथ पुल से उतरते सब्जी मण्डी वाली जमीन पर निर्मित होने वाले कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट और प्रथम तल पर पार्किंग का इंतजाम रहेगा। सब्जी विक्रेताओं के लिए अलग से एक व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा।

वेंडिंग जोन बिल्डिंग के भूतल पर भी विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही है। द्वितीय एवं तृतीय फ्लोर पर कामर्शियल दुकानें, रेस्टोरेंट और ऑफिस स्पेस का निर्माण किए जाने की योजना है। इन्हें निर्धारित अवधि के एकमुश्त प्रीमियम लेकर किराए पर दिया जाएगा।



गोरखनाथ ओवरब्रिज के पास सब्जी मंडी

> गोरखनाथ पुल के निकट निगम की खाली पड़ी जमीन पर वैश्विक कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना है। सीएण्डडीएस यूनिट 42 को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। यहां पार्किंग, वेंडिंग जोन के साथ कॉमर्शियल दुकानें, रेस्टोरेंट और ऑफिस स्पेस भी उपलब्ध कराया जाएगा।
>
> – **संजय चौहान**, मुख्य अभियंता, नगर निगम